TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

03 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

इस दुनिया में एक ही चीज सबसे अच्छी है ज्ञान और

केवल एक ही चीज सबसे बुरी है वह है अज्ञान ।

सुकरात



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# विविध भारती की स्थापना 3 अक्टूबर

विविध भारती भारत मे सार्वजनिक क्षेत्र के रेडियो चैनल आकाशवाणी की एक प्रमुख प्रसारण सेवा है। भारत में रेडियो के श्रोताओं के बीच ये सर्वाधिक सुनी जाने वाली और बहुत लोकप्रिय सेवा है। इस पर मुख्यत: हिन्दी फ़िल्मी गीत सुनवाये जाते हैं। इसकी शुरुआत 3 अक्टूबर 1957 को हुई थी। वर्ष 2006-2007, विविध भारती के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मे भी मनाया। प्रारम्भ मे इसका प्रसारण केवल दो केन्द्रों, बम्बई तथा मद्रास से होता था। बाद मे धीरे धीरे लोकप्रियता के चलते आकाशवाणी के और भी केन्द्र इसका प्रसारण करने लगे। वर्तमान मे अनेकानेक केन्द्र आकाशवाणी की विज्ञापन प्रसारण सेवा के रूप मे अपने श्रोताओं को विविध भारती के कार्यक्रम सुनवाते हैं। विविध भारती में मुख्य रूप से हिंदी फिल्मी गाने सुनवाई जाते थे। विविध भारती की लोकप्रियता आज भी बरकरार हैं और आज भी लोग विविध भारती को याद करते हैं और उसे सुनना पसंद करते हैं। अक्टूबर 1957 को आकाशवाणी के मुंबई के केंद्र से विविध भारती का पहला प्रसारण किया गया। विविध भारती पर बजा सबसे पहला गीत पंडित नरेंद्र शर्मा का था। तथा इस गीत के संगीतकार अनिल विश्वास है। इस गीत के बोल 'नाच मयूरी नाच था',, और इस गीत को मशहूर गायक मन्ना डे ने गाया था। विविध भारती रेडियो का मोबाइल ऐप प्ले स्टोर से इंस्टॉल किया जा सकता है। यह बिल्कुल फ्री है। सुविधा के लिए हम डायरेक्ट लिंक उपलब्ध करा रहे हैं। यहां क्लिक करके आप Vividh Bharati Live Radio Mobile App Download कर सकते हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 03 अक्टूबर




**कादम्बिनी गांगुली** *Kadambini Ganguly*; जन्म- 18 जुलाई, 1861, भागलपुर, बिहार; मृत्यु- 3 अक्टूबर, 1923, कलकत्ता) भारत की पहली महिला स्नातक और पहली महिला फ़िज़ीशियन थीं। यही नहीं कांग्रेस अधिवेशन में सबसे पहले भाषण देने वाली महिला का गौरव भी कादम्बिनी गांगुली को ही प्राप्त है। कादम्बिनी गांगुली पहली दक्षिण एशियाई महिला थीं, जिन्होंने यूरोपियन मेडिसिन में प्रशिक्षण लिया था।

# MATH TLM

Class-6to8

48

## महत्वपूर्ण सूत्र (ब्याज)

- मिश्रधन= $\frac{\text{मूलधन} \times 100 + (\text{समय} \times \text{दर})}{100}$

जैसे - मूलधन=2000रू, समय=4 वर्ष, दर=8%, मिश्रधन=?

हल:- मिश्रधन= $\frac{2000 \times 100 + (4 \times 8)}{100}$

= 2640रु




# टी-20 बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 926 |
| 2 | फिल साल्ट | इंग्लैंड | 844 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 819 |
| 4 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 785 |
| 5 | पथुम निशांका | श्रीलंका | 779 |
| 6 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 771 |
| 7 | टिम शिफर्ट | न्यूजीलैंड | 725 |
| 8 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 698 |
| 9 | कुसल परेरा | श्रीलंका | 692 |
| 10 | टिम डेविड | ऑस्ट्रेलिया | 676 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.10.2025

## सुकरात की शिक्षण विधि

सुकरात की शिक्षण विधि, जिसे 'सुकराती पद्धति' भी कहा जाता है, ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रश्नोत्तर और संवाद पर आधारित एक द्वंद्वात्मक दृष्टिकोण है, जहाँ शिक्षक सीधे जानकारी देने के बजाय छात्रों से गहन और खुले प्रश्न पूछता है. यह विधि छात्रों को सोचने, अपनी मान्यताओं को उजागर करने और आलोचनात्मक ढंग से तर्क करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे वे स्वयं ज्ञान का निर्माण कर सकें और आजीवन सीखने का अवसर प्राप्त कर सकें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



आगरा में स्थित **ताजमहल** एक बार फिर से पर्यटकों की पहली पसंद बनकर सामने आया है। **ASI** से संरक्षित जिन इमारतों को देखने के लिए **टिकट** लगता है उनमें ताजमहल सबसे ज्यादा बार देखी गई **इमारत** बन गया है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### अमरुद



मुझमें विटामिन सी, के, बी6, फोलेट, नियासिन, एंटीडायबिटिक, एंटी-डायरियल, आयरन, फॉस्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम, जिंक, कॉपर, कार्बोहाइड्रेट, डायटरी फाइबर जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं।

Anu priya

# पद्य पंकज

“

यम आएगा लेने जब, तब खूब चलूंगा पी हाला
पीड़ा, संकट, कष्ट नरक के क्या समझेगा मतवाला
क्रूर, कठोर, कुटिल, कुविचारी, अन्यायी यमराजों के
डंडों की जब मार पड़ेगी, आड़ करेगी मधुशाला

**हरिवंशराय बच्चन**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत की प्रथम महिला डॉक्टर,
पहली स्नातक
कादम्बिनी गांगुली
की पुण्यतिथि पर कोटि-
कोटि नमन।
जन्म- 18 जुलाई 1861
मृत्यु- 3 अक्टूबर 1923
www.teachersofbihar.org
Madhu priya